पुस्तकालय

1
3222
25/4/12

सत्यमेव जयते

10 MAR 2012

असंशोधित

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

--------

(भाग 2–कार्यवाही–प्रश्नोत्तर रहित)

प्रतिवेदन शाखा
गै०स०प्र०सं०···658···तिथि···20/4/12

क्रमांकः- १०४ (मा० सदस्य श्री रत्नेश सादा)

श्री रत्नेश सादाः- अध्यक्ष महोदय,मैं प्रस्ताव करता हूँ किः-

"यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि वह सोनवर्षा प्रखंड के अरार नहर से बरसम, पचलख, मोकमा,रघुनाथपुर होते हुए बेल्दौर तक नहर के पश्चिमी तरफ से किनारे पर आवागमन के दृष्टिकोण से वित्तीय वर्ष २०१२-१३ में सड़क का निर्माण करावें।"

श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्रीः- माननीय सदस्य का प्रस्ताव जो है,वह नहर को पक्कीकरण करने का है। अविलंब ही इसका डी०पी०आर० बनाने का निर्देश दिया जायेगा,जब डी०पी०आर० बनकर तैयार आ जायेगा तब उसपर अग्रेत्तर कार्रवाई की जायगी। फिर हाल माननीय सदस्य से अनुरोध है कि वे अपना संकल्प को वापस ले लें।

अध्यक्षः- क्या माननीय सदस्य अपने प्रस्ताव को वापस लेंगे।

श्री रमेश ऋषिदेव - जी, वापस लेता हूँ।

अध्यक्षः- सदन ही सहमति से माननीय सदस्य श्री रत्नेश सादा जी का प्रस्ताव वापस हुआ।

क्रमांकः- १०५ (मा०सदस्य श्री मोती लाल प्रसाद)

श्री मोती लाल प्रसादः-अध्यक्ष महोदय,मैं प्रस्ताव करता हूँ किः-

"यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि वह सीतामढ़ी जिलान्तर्गत सुप्पी प्रखंड के सुप्पी में नवनिर्मित पावर सब स्टेशन को चालू कराकर विद्युत आपूर्ति शीघ्र बहाल करावें।"

श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव,मंत्रीः- महोदय,माननीय सदस्य से भी इसमें अनुरोध करेंगे,इनका जो संकल्प है,तो आपसे भी हम अनुरोध करेंगे कि ३३/११ के०भी०ए० विद्युत शक्ति उपकेन्द्र का निर्माण राजीव गॉधी ग्रामीण योजनान्तर्गत वर्ष २०१२ में किया जाना था लेकिन ३३/११ लाइन का तार एवं स्पेशल ट्रान्सफर्मर का तेल चोरी हो जाने की वजह से यह पूरा नहीं हो पाया। उपर्युक्त कार्यों को दोबारा किया जा रहा है,जिसे अप्रैल २०१२ तक होने का लक्ष्य है। अतः संकल्प को वापस लेने के लिए हम माननीय सदस्य से अनुरोध करते हैं।

अध्यक्षः- क्या माननीय सदस्य श्री मोती लाल प्रसाद अपना प्रस्ताव वापस लेंगे।

श्री मोती लाल प्रसादः- अध्यक्ष महोदय,प्रस्ताव तो मुझे वापस लेना ही है,परन्तु इस आग्रह के साथ..........(व्यवधान)

अध्यक्षः- बहुत ही सकारात्मक जवाब माननीय मंत्री जी ने दिया है।

श्री मोती लाल प्रसादः- मैं उनके आश्वासन पर और आपके निदेश पर अपना प्रस्ताव वापस लेता हूँ।

अध्यक्षः- सदन की सहमति से माननीय सदस्य श्री मोती लाल प्रसाद जी का प्रस्ताव वापस हुआ।

क्रमांकः- १०६ (मा०सदस्य श्री सुबोध राय)

श्री सुबोध रायः- अध्यक्ष महोदय,मैं प्रस्ताव करता हूँ किः-

"यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि वह विकास संबंधी जन आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए भागलपुर जिला के सुलतानगंज प्रखंड को अनुमंडल का दर्जा प्रदान करें।"

श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव,मंत्रीः- महोदय,माननीय उप-मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एक कैबिनेट सब कमिटी बनी है,जितने प्रस्ताव आये हैं या आ रहे हैं,उसपर वह विचार कर रहे हैं,क्योंकि

पुर्नगठन के लिए फिर हाल जब उसका प्रतिवेदन मिलेगा,शीघ्र ही सरकार उसपर निर्णय करेगी। अतः मैं माननीय सदस्य से अनुरोध करुंगा कि वे अपना संकल्प वापस ले लें।

श्री सुबोध रायः- अध्यक्ष महोदय,प्रस्ताव तो वापस ले लेना है लेकिन मैं सिर्फ एक रिक्वेस्ट करना चाहता हूँ कि वह प्रतिवेदन कब तक संभावित है, कृपया इसके बारे में माननीय मंत्री महोदय जानकारी देंगे ?

श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्रीः- मैं अपेक्षा करुंगा कि माननीय सदस्य भी माननीय उप-मुख्यमंत्री जी से संपर्क करके,उस समिति की कई बैठकें हुई हैं,आगे की बातें चल रही थीं,उसमें कई प्रखंड हैं,अनुमंडल हैं,कमीश्नरी है,जिला है, लेटेस्ट तो स्थिति की जानकारी नहीं है लेकिन जल्द ही वह रिर्पोट आ जायेगा।

श्री सुबोध रायः- महोदय, मैं अपना प्रस्ताव वापस लेता हूँ।

अध्यक्षः- सदन ही सहमति से माननीय सदस्य श्री सुबोध राय जी का प्रस्ताव वापस हुआ।

क्रमांकः- १०७ (मा०सदस्य श्री विनय कुमार सिंह)

श्री विनय कुमार सिंहः- अध्यक्ष महोदय,मैं प्रस्ताव करता हूँ किः-

"यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि वह सारण जिला के सोनपुर प्रखंडन्तर्गत नया गॉव स्थित अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र को स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा प्रदान करें।"

श्री सुनील कुमार उर्फ पिन्टू, मंत्रीः- अध्यक्ष महोदय, चार अप्रैल को ।

क्रमांकः- १०८ ( मा०सदस्य श्री विक्रम कुंवर)

श्री विक्रम कुंवरः- अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूँ किः-

"यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि वह सिवान जिला के आंदर, दरौली, रघुनाथपुर और सिसवन प्रखंडों को मिलाकर एक अनुमंडल का गठन करावे जिसका मुख्यालय रघुनाथपुर हो।"

श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव,मंत्रीः- माननीय सदस्य विक्रम कुंवर जी पुराने सदस्य हैं,ये मंत्री भी रह चुके हैं,मीडिया में जितना फराका बोलते हैं,प्रस्ताव पेश करने में इनको कठिनाई हो रही थी,तो कैसे बनेगा अनुमंडल,दिक्कत हो रही है। जैसा गीत वैसा प्रसाद न। चूंकि ये तीन बार गड़बड़ा गये, इसलिए गड़बड़ा जा रहा है।

महोदय, इसमें माननीय उप-मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एक मंत्रिमंडलीय कैबिनेट सब-कमिटी बनी है,संपूर्ण प्रस्तावों पर समेकित विचार करके और फैसला लेगी और कैबिनेट के द्वारा सरकार निर्णय लेगी। फिर हाल मैं माननीय सदस्य से अनुरोध करुंगा कि वे अपना संकल्प को वापस ले लें।

अध्यक्षः- क्या माननीय सदस्य विक्रम जी,अपना प्रस्ताव वापस लेंगे।

श्री विक्रम कुंवरः- महोदय, मा०मंत्री जी के आश्वासन के आलोक में अपना प्रस्ताव वापस लेता हूं।

अध्यक्षः- सदन ही सहमति से माननीय सदस्य श्री विक्रम कुंवर जी का प्रस्ताव वापस हुआ।

क्रमांकः- १०९ (मा०सदस्य श्री श्याम बिहारी प्रसाद)

श्री श्याम बिहारी प्रसादः- अध्यक्ष महोदय,मैं प्रस्ताव करता हूँ किः-

"यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि वह पूर्वी चंपारण जिलान्तर्गत छौड़ादानो प्रखंड के छौड़ादानो अंचल के पास पावर स्टेशन का निर्माण करावें।"